महत्वपूर्ण एवं खास

क्रेन टूटने से दूल्हा -दुल्हन जमीन पर गिरे,दोनों सुरक्षित

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में एक शादी समारोह के दौरान उस वक्त हड़कंप मच गया, जब क्रेन टूटने से दूल्ह-दुल्हन गिर पड़े। हालांकि इस घटना से दुल्हा-दुल्हन को चोट नहीं आई है, लेकिन एक बड़ा हादसा हो सकता था। कंपनी ने अपनी गलती मान ली है। वहीं, परिवार के लोगों ने भी मामले की शिकायत नहीं की है। मिली जानकारी के अनुसार मामला तेलीबांधा थाना इलाके का है, जहां शादी समारोह के दौरान दूल्हा-दुल्हन को क्रेन की मदद से उतारा जा रहा था। इसी दौरान क्रेन टूट गया, जिसके बाद दूल्हा-दुल्हन जमीन पर जा गिरे। फि लहाल दूल्हा-दुल्हन दोनों सुरक्षित हैं।

मुख्यमंत्री बघेल जयपुर में महंगाई के विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे आज

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बीती रात कांग्रेस शासित प्रदेश राजस्थान की राजधानी जयपुर पहुंच चुके हैं। वे आज वहां महंगाई के विरोध में होने वाले कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल होंगे। राजस्थान की राजधानी जयपुर में महंगाई के विरोध में कांग्रेस का महाधरना का आयोजन किया गया है, जिसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित कई दिग्गज नेताओं में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल होंगे। वे इस प्रदर्शन में शामिल होने बीती रात को ही रायपुर से जयपुर के लिए रवाना हुए थे। रवानगी से पहले बघेल ने केंद्र पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि केवल एक प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरा देश इन दिनों जिस दर्द से गुजर रहा है, उसके खिलाफही देश में कांग्रेस ने मोर्चा खोला है।

जोमेटो ब्वाय के साथ मारपीट, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। जोमेटो डिलवरी ब्वाय को गाली-गलौच कर नुकीले हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट देवेन्द्रनगर थाने में दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक श्रीराम चौक टिकरापारा निवासी अर्न्तयामी रोतिया 41 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 11 दिसंबर को दोपहर 1.30 बजे ओव्हरब्रिज देवेन्द्रनगर के पास सेक्टर 03 में आर्डर देने वाले कस्टमर से फोन पर बात किया। तब दो लड़के पास आये और बोले की वे आर्डर कैंसल कर रहे है जिस पर आर्डर कैंसल नही हुआ है कहने पर दोनों ने ज्यादा होशियार बनता है कहकर गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे नुकीले हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोरियों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

277 पुरुष और 30 महिला आरक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

बीजापुर (आरएनएस)। जिले में प्रधान आरक्षक पदोन्नति प्रशिक्षण कार्यक्रम में मैदानी प्रशिक्षण के साथ डिजिटल प्लेटफार्म पर भी बन्दूक चलाने से लेकर कानूनी जानकारी दी गई। एक महीने के प्रशिक्षण के दौरान कमांडिंग अधिकारी सुजीत कुमार के नेतृत्व में 307 आरक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें 277 पुरुष और 30 महिला आरक्षक शामिल थे। व्यवहारिक जानकारी प्रदाय करने के लिए जिले में कार्यरत निरीक्षक, उपनिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी भी पहुंचे। इस दौरान आरक्षकों को थाना भ्रमण भी करवाया गया। जहां एफआईआर, मुलाहिजा पत्रक आदि कागजी कार्रवाई की प्रक्रिया से अवगत करवाया गया। प्रशिक्षण प्रभारी अमित शर्मा के अनुसार प्रदेश में पहली बार स्मार्ट टीवी की व्यवस्था की गई थी। जिसके जरिये वेपन हेंडलिंग, फील्ड क्राफ्ट व कानून सम्बंधित जानकारी दी गई। साथ ही उनके सर्वांगीण विकास के लिए मनोरंजन और खेल की सुविधा भी मुहैया करवाई गई। उन्होंने बताया कि 15 वीं वाहिनी धनोरा कैंप में पहली बार प्रशिक्षण का आयोजन हुआ।

सोलर कोल्ड स्टोरेज छोटे सब्जी उत्पादकों के लिए बने गेम चेंजर

» अब छोटे किसान और स्वसहायता समूह भी कर रहे फल-सब्जियों का भण्डारण, बढ़ी आय

कोरबा। कोरबा जिले में सौर उर्जा चलित कोल्ड स्टोरेज सब्जी उत्पादक छोटे किसानों और महिला स्वसहायता समूहों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। इन कोल्ड स्टोरेजों में सब्जी उगाने वाले छोटे किसान और महिला समूह अब अपनी सब्जियों को खराब होने से बचाने के लिए आसानी से रख रहे हैं। कोरबा जिले में जिला खनिज न्यास मद से आठ गांवो में ऐसे एक-एक सौर उर्जा चलित कोल्ड स्टोरेज स्थापित किए गए हैं। कोरबा विकासखण्ड में बेंदरकोना और कोरकोमा में, करतला विकासखण्ड में चैनपुर और बुढ़ियापाली में, कटघोरा विकासखण्ड में पड़निया और कसईपाली में तथा पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड में कापूबहरा और जुराली में पांच-पांच टन क्षमता के सोलर कोल्ड स्टोरेज संयंत्र लगाए गए हैं। इन कोल्ड स्टोरेजों का इस्तेमाल करके अभी सब्जी उत्पादक किसान और स्वसहायता समूह की महिला सदस्य अपनी सब्जियों को आसानी से कम खर्च पर स्थानीय स्तर पर ही भण्डारित कर रहीं हैं। इसके लिए उन्हें ना तो बड़े कोल्ड स्टोरेजों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, ना ही बिजली का भारी भरकम बिल भरना पड़ रहा है। कोरबा जिले में संचालित नरवा-गरवा-घुरूवा-बाड़ी योजना के तहत बनाए गए गौठानों से जुड़कर कई महिला समूह सब्जी उत्पादन का काम कर रहे हैं। ऐसे में इन महिला समूहों को भी इन कोल्ड स्टोरेजों का पूरा लाभ मिल रहा है।

पोड़ी -उपरोड़ा विकासखण्ड के कापूबहरा गौठान में सूर्या स्वसहायता समूह की महिलाएं सब्जी उत्पादन का काम कर रहीं हैं। पिछले सीजन में लगभग साढ़े पांच क्विंटल से अधिक सब्जी का उत्पादन इन महिलाओं ने एक एकड़ रकबे में अपनी मेहनत से किया है। महिलाएं यह सब्जी स्थानीय बाजार सहित कटघोरा के थोक व्यापारियों को भी बेचती हैं। समूह की सदस्य चंदरबाई पटेल बताती हैं कि पहले सब्जी की तोड़ाई पर उसे जल्द से जल्द बेचने की चिंता होती थी। पहले दिन तो ताजी होने के कारण सब्जी आसानी से बिक जाती थी। लेकिन बची सब्जी को खराब होने से बचाने के लिए औने पौने दाम पर ही बेचना पड़ता था। चंदरबाई कहती हैं कि इससे समूह को नुकसान होता था। अब सौर उर्जा से चलने वाला कोल्ड स्टोरेज लग जाने से सब्जियों को उसमें रख देते हैं। सब्जियों इस कोल्ड स्टोरेज में एक-एक हफ्ते तक सुरक्षित और ताजी रहती हैं। जब अच्छा दाम मिलता है तो सब्जियों को बेच देते हैं। इससे स्वसहायता समूह की आमदनी भी बढ़ गई है। चंदरबाई ने बताया कि केवल एक सीजन में ही इस बार साढ़े पांच क्विंटल से अधिक सब्जी बेचकर समूह ने लगभग 20 हजार रूपए की आमदनी कमा ली है।

महिला समूह से जुड़ी एक अन्य सदस्य सुकुंवर बाई बताती हैं कि सब्जी की खेती पहले एक एकड़ में करते थे। सब्जियों को खराब होने से बचाने का कोई साधन नहीं था। एक-दो दिन में ही सब्जियां बेचनी पड़ती थी। कभी दाम अच्छा मिलता था तो कभी कम दाम में ही बेचकर संतोष करना पड़ता था। परंतु अब कोल्ड स्टोरेज में सब्जियों को रखकर अच्छे दाम पर ही बेचते हैं। इस कोल्ड स्टोरेज में एक-एक महीने तक सब्जियां रखकर उन्हें खराब होने से बचाया जा सकता है। एक अन्य सदस्य श्रीमती दूज बाई श्याम बताती हैं कि सब्जियों को भण्डारित करने का और उन्हें खराब होने से बचाने का पहले कोई साधन नहीं था। इसलिए केवल एक एकड़ में ही सब्जी लगाते थे। मिलने वाले फायदे को समूह की सदस्यों के बीच बराबर बांटते थे। लेकिन फिर भी मेहनत का सही दाम नहीं मिल पाता था। अब कोल्ड स्टोरेज के कारण यह समस्या खत्म हो गई है। अब समूह की सदस्य लगभग दोगुने रकबे में सब्जी लगा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आगाज 12 से

» विपक्षी दल कई मुद्दों पर सरकार को घेरने का करेंगे प्रयास

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आगाज कल सोमवार 12 दिसंबर से होने जा रहा है। सत्र काफी हंगामेदार होने की संभावना है। पांच दिनों के सत्र के दौरान विपक्षी दलों द्वारा कई मुद्दों सत्ता पक्ष को घेरने का प्रयास किया जाएगा, हालांकि सत्ता पक्ष भी विपक्ष के आक्रमण से बचने की तैयारी कर ली है।

12 से 17 दिसंबर तक बुलाए गए सत्र के लिए विपक्षी दलों के साथ सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी बढ़-चढ़कर अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से लेकर प्रदेश स्तर के मुद्दों को लेकर प्रश्न लगाए है। ये प्रश्न तारांकित और अतारांकित प्रश्नों के माध्यम से लगाए गए है। कई मुद्दों को विधायक ध्यानाकर्षण सूचना के जरिए भी सदन में उठा सकते है। सत्र जरूर पांच दिनों के लिए बुलाया गया है लेकिन सत्र के लिए जिस तरह से विधायकों द्वारा प्रश्न लगाए गए है उससे लग रहा है कि सत्र काफी हंगामेदार होने की संभावना है। विपक्षी दलों द्वारा किसानों के मुद्दों से लेकर कानून व्यवस्था, धान खरीदी, बारदानों की उपलब्धता, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकानों के निर्माण, अवैध रेत परिवहन, शराबबंदी सहित कई मुद्दों को सदन में जोरशोर से उठा सकते है।

इधर सत्ता पक्ष के मंत्रीगण भी विपक्ष के सारे सवालों का जवाब के साथ सदन में उपस्थित रहेंगे और विपक्ष के सत्ता पक्ष को घेराव करने के मंसूबे को विफल करने का प्रयास करेगी।

अपहृत बालिका की तलाश कर पंडरिया पुलिस ने सकुशल परिवार जनों के सुपुर्द किया

» परिवार जनो के द्वारा पंडरिया पुलिस के कार्यों की सराहना कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया

कवर्धा (आरएनएस)। कबीरधाम जिले के पंडरिया पुलिस के द्वारा पंडरिया थाना क्षेत्र में लगातार चाईल्ड सेप्टी व बच्चो के अधिकारों का विस्तृत जानकारी देकर बालक बालिकाओं को जागरूक बनाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिस पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया नरेंद्र कुमार बेंताल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पंडरिया निरीक्षक मुकेश यादव के द्वारा थाना क्षेत्र के स्कूल कॉलेज एवं ग्रामीण इलाकों में जाकर बालक बालिकाओं के अधिकारों के विषय में लगातार आवश्यक जानकारी दी जा रही है, साथ ही यह भी अपील किया जा रहा है, कि यदि किसी भी बालक बालिकाओं के अधिकारों का हनन होते हुए क्षेत्र में कहीं भी देखने को मिले तो तत्काल थाना पंडरिया पुलिस को दूरभाष के माध्यम से या थाना आकर सूचित करें। इसी तारतम्य में दिनांक 08/11/2021 को रात्रि करीबन 11-30 बजे नाबालिग बालिका के परिजनों के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया, कि मेरी नाबालिग बालिका जो घर से लापता है, तथा आसपास के लोगों एवं जान पहचान तथा रिश्तेदारों से पता करने पर उनके पास भी नहीं आई है, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अपहरण कर लिया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना पंडरिया के अपराध क्रमांक-381/2021 धारा 363 भादवी पंजीबद्ध कर अपहृत बालिका का पता तलाश करने विशेष टीम गठित किया गया जो टीम के द्वारा दिनांक 11-12-21 को अपहृत बालिका को दस्तायाब कर पूछताछ किया गया जिसमें अपहृत बालिका के द्वारा पुलिस टीम को बताया गया कि मैं अपने स्वयं के मर्जी से घर छोड़ कर अपने सहेली के घर दुर्ग चली गई थी, तथा मेरे साथ किसी भी प्रकार का अपराध घटित नहीं हुआ है। जिस पर पंडरिया पुलिस के द्वारा बालिका के परिजनों को सकुशल बालिका को सुपुर्द किया गया। जिस पर परिजनो के द्वारा अपनी पुत्री को सकुशल पाकर थाना पंडरिया पुलिस एवं कबीरधाम पुलिस कप्तान को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पंडरिया निरीक्षक मुकेश यादव के कुशल नेतृत्व में थाना पंडरिया पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

फैजी ने दोस्तों को रूपयों का लालच देकर कराया प्रेमिका के पति की हत्या: 4 आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। हत्या के मामले में ये चारों एक मर्डर की प्लानिंग और फिर एक बेगुनाह की जान लेने के कांड में शामिल हैं। आर्मी जवान का नाम संजीव उर्फसंजू साहू है। हत्या की वारदात में इसका साथ देने वाले दोस्त पालेश्वर दास मानिकपुरी, मंगल दास महंत और चंद्रादास उदास है। 22 अक्टूबर को कोरबा के राजगामार इलाके में कुलदीप बंजारे नाम के युवक की हत्या आरोप में इनकी गिरफ्तारी के बाद चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि करुमौहा गांव के बाहर एक जंगल के पास कुलदीप बंजारे की लाश मिली थी। कुलदीप पर चाकू से कई वार किए गए थे। खून से लथपथ लाश को देखकर पुलिस को ये बात समझ आई थी कि किसी प्लानिंग के तहत ये कांड किया गया मगर करीब एक महीने तक ये पता ही नहीं लग पाया कि आखिर इस हत्याकांड के पीछे कौन लोग शामिल हैं। पुलिस का फोकस इस बात पर था कि कुलदीप को किसी ने रुपयों के लेनए देनए पुराने झगड़े का बदला लेने मारा होगा। मगर कुछ दिन पहले पुलिस को एक इनपुट मिला जिससे सारा केस खुलकर सामने आया।

जांच में जुटी टीम को पता चला कि तीन लोग बाइक में सवार होकर अक्सर कुलदीप के पास आया करते थे। वो उससे बातें किया करते थे। घटना से पहले भी गांव के लोगों ने तीन नकाबपोश लोगों को कुलदीप से बातें करते देखा। पुलिस अब तीन युवकों की तलाश में जुटी। उनके आने-जाने के रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। पुलिस ने युवकों की पहचान की और पकड़ लिया। ये तीनों इस पूरे केस के मास्टर माइंड संजीव के दोस्त थे। गिरफ्तार किए गए पालेश्वर दास मानिकपुरी, मंगल दास महंत और चंद्रादास उदास ने पुलिस को बताया कि ये हत्या उन्होने अपने दोस्त संजीव के कहने पर की। संजीव ने इस हत्या को अंजाम देने के लिए इन्हें 2 लाख 30 हजार रुपए दिए थे। दरअसल भारतीय सेना में जवान संजीव जिस लड़की से प्यार करता था वो कुलदीप की पत्नी बन चुकी थी। घर वालों के राजी न होने की वजह से उसकी शादी कुलदीप से हुई। संजीव शादी के बाद भी अपनी माशूका से बातें करता था।

संजीव ने प्रेमिका के पति को रास्ते से हटाकर उससे शादी करने का फैसला किया। आरोपी की पोस्टिंग लद्दाख में थी। उसने अपने दोस्तों को कुलदीप की हत्या करने के लिए राजी किया। रुपयों का लालच दिया। कुलदीप की फेटो भेजकर प्लान बताया। संजीव के तीनों दोस्तों ने कुलदीप से मुलाकात की। उससे कहा कि वो कुलदीप के गांव के बाहर एक जगह पर गड़ा हुआ धन ढूंढ ने जा रहे हैं, अगर कुलदीप मदद करेगा तो उसे हिस्सा मिलेगा। वो अक्सर कुलदीप के घर पास जाकर उससे मिलते थे। जब उसे विश्वास में ले लिया तो गांव के बाहर खजाना दिलाने के बहाने ले गए और चाकू मारकर हत्या कर दी। अब पुलिस लद्दाख से इस केस के मास्टर माइंड सेना के जवान को पकड़कर कोरबा ले आई है।

जादू टोना के शक में चाचा की हत्या, आरोपी भतीजा गिरफ्तार

बीजापुर (आरएनएस)। जादू टोना के शक में अपने चाचा की हत्या करने वाले आरोपी भतीजे को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 दिसम्बर 2021 को प्रार्थी मृतक के पुत्र द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरे पिता रामलु कुड़मूल निवासी संतोषपुर को आरोपी लक्ष्मण कुड़मूल द्वरा 8 दिसम्बर को रात में सोते समय डंडा से सर पर मारकर हत्या कर दिया है। कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारम्भ किया गया। इस प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कमलोचन कश्यप व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज शुक्ला के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में टीम बनाकर फरार आरोपी की तलाशी में भेज गया। विवेचना के दौरान गवाहों बयान, घटना स्थल के निरीक्षण कर मौके से साक्ष्य एकत्रित कर सूचना के आधार पर घटना के फरार आरोपी गांव के दूसरे मोहल्ले से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि 2020-21 में अपने दो बच्चो की मृत्यु उसके चाचा रामलु कुड़मूल के द्वारा जादू टोना करने से हुआ था। इस कारण मेरे द्वारा सोते समय डंडे से हमला कर चाचा की हत्या कर दी।

आंध्रप्रदेश में बेचे गये 11 श्रमिकों को जिला पुलिस ने रिहा कराया

» काम का प्रलोभन देकर श्रमिकों को आन्ध्रप्रदेश ले जाकर बेचा गया था

» अन्य 05 श्रमिक अभी भी वहां फंसे है, तलाश की जा रही

जशपुर (आरएनएस)। जशपुर पुलिस के प्रयास से आन्ध्रप्रदेश से तपकरा क्षेत्र के आधा दर्जन श्रमिकों की सकुशल घर वापसी हुई है वहीं अन्य पांच श्रमिको के घर वापसी के लिये पुलिस प्रयास कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी मुताबिक अजय नायक नाम के व्यक्ति ने अच्छे काम का प्रलोभन देकर 11 व्यक्तियों को अपने साथ आन्ध्रप्रदेश ले जाकर बेच दिया था। जशपुर जिले के थाना-तपकरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम-सुईजोर निवासी प्रेमसाय, नंदकुमारी बाई, समीर सहित 11 श्रमिकों को अजय नायक निवासी- कुटवांकछार प्रलोभन देकर विश्वास में लेकर माह-सितम्बर 2021 में जिला-पूर्वी गोदावरी (आन्ध्रप्रदेश) के थाना-मलकीपुरम के मोहल्ला तुरपपालम में ले जाकर बेच दिया था। वहां श्रमिकों को बाहर जाने-आने नहीं दिया जाता था एवं डरा-धमकाकर रखते हुए काम कराया जाता था। उक्त मजदूरों में से प्रेमसाय एवं समीर द्वारा जिला-जशपुर के पुलिस अधिकारियों से उन्हें वहां से वापस लाने हेतु संपर्क करने पर पुलिस अधीक्षक जशपुर विजय अग्रवाल द्वारा जिला-पूर्वी गोदावरी के पुलिस अधीक्षक से मोबाइल से चर्चा करते हुए पत्राचार किया गया, फलस्वरूप 11 में से 06 श्रमिकों को जिला-पूर्वी गोदावरी पुलिस द्वारा वापस करने पर 06 श्रमिकों की अपने गृहग्राम-सुईजोर थाना-तपकरा जिला-जशपुर (छग) घर वापसी हुई, अन्य 05 श्रमिकों के अन्य जगह चले जाने से पता कर शीघ्र वापसी के प्रयास किये जा रहे हैं।

आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान स्कूली विद्यार्थी विविध आयोजनों में ले रहे हिस्सा

रायपुर (आरएनएस)। इन दिनों पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। ऐसे में सभी केंद्रीय व सार्वजनिक सरकारी विभागों में आजादी के अमृत महोत्सव में अनेक कार्यकमों का आयोजन भी किया जा रहा है। आजादी के महोत्सव के दौरान इस वर्ष भी देश मे ऊर्जा सरक्षंण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्युत मंत्रालय भारत सरकार व ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के साथ पूरे भारत वर्ष में ऊर्जा सरक्षण पर राष्ट्रीय जागरूकता अभियान 2021चलाया जा रहा है। जिसमे स्कूली बच्चों हेतु चित्रकला प्रतियोगिता को एक महत्त्वपूर्ण गतिविधि के तौर पर शामिल किया गया है। विधुत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश मे ऊर्जा सरक्षंण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष भी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर छात्र - छात्राओं के लिये पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिससे बच्चों व अभिभावकों में ऊर्जा सरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़े। पेंटिंग प्रतियोगिता में 2 ग्रुपो विजयी प्रतिभागियों की पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें चयनित छात्र - छात्राओं ने ऊर्जा दक्षता व स्वच्छ गृह पर अपने रंग व ब्रस के माध्यम से रंगों के माध्यम से नित्य प्रतिदिन हो रही घटनाओं का चित्रण किया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में छत्तीसगढ़ अंकित आनन्द ने दीप प्रज्वलित किया। और कार्यक्रम की अध्यक्ष पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफइंडिया लिमिटेड (वेस्टजोन) के अधिशासी निदेशक एस. रविन्द्र कुमार थे। ऊर्जा राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता के मुख्य आतिथि छत्तीसगढ़ ऊर्जा विभाग के सचिव अकिंत आनंद ने उपस्थित स्कूली छात्र - छात्राओं व उनके अभिभावकों से कहा कि स्कूली बच्चों के लिये हेतु चित्रकला प्रतियोगिता को एक महत्त्वपूर्ण गतिविधियों के तौर पर शामिल किया गया है। ताकि उन्हें ऊर्जा दक्षता के साथ ऊर्जा सरक्षण पर सवेदनशील बनाया जा सके जिससे न केवल बच्चों में ऊर्जा सरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूकता आएगी वरन उनके अभिभावक भी इसमें शामिल होकर इस बारे में जागरूक हो सके।

उन्होंने कहा कि हमारे देश मे आजादी के बाद से ऊर्जा के क्षेत्र में भारी व्यय के बावजूद ऊर्जा की मांग और आपूर्ति के बीच अंतर लगातार बढ़ रहा है। और इसके लिये बिजली का प्रभावहीन इस्तेमाल भी प्रमुख रूप से उत्तरदायी है। अंतः ऊर्जा की मांग और आपूर्ति के बीच का अंतर कमी हेतु ऊर्जा दक्षता के साथ ऊर्जा सरक्षण की आवश्यकता अपरिहार्य होती जा रही है। यह इस तथ्य से स्पष्ट हो जाता है कि यदि हम बिजली के उपयोग में एक इकाई की बचत करते है तो बिजली उत्पादन की आवश्यकता1.5 से 3 गुना कम हो जाती है। छत्तीसगढ़ ऊर्जा विभाग सचिव अंकित आनन्द ने लोगो से भी अपील की है कि हमे प्रत्येक क्षेत्र में ऊर्जा दक्ष प्रक्रियाओं, उपकरणों, यंत्रों और प्रणालियों के इस्तेमाल को बढ़ावा देना चाहिए।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनमहत्वपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा समर्थक हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती रेवती तथागत श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं सैद्धांतिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को इसके कार्यक्रमों एवं प्रक्रियाओं के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन व्यक्ति की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सांस्कृतिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए सक्रियता का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पहिए ... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU